आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :269 पृष्ठ -4 दिनांक 26 सितम्बर 2024 दिन गुरूवार


# राहुल गांधी की नागरिकता पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब, पूछा- वो भारतीय हैं या विदेशी?

## राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है, जिससे साबित होता है कि वो ब्रिटिश नागरिक हैं



इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुलगांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार से ब्योरा मांगा है. कोर्ट ने पूछा कि क्या उसने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दायर उस अभ्यावेदन पर कोई निर्णय लिया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है. लखनऊ बेंच में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ पर इस मामले में सुनवाई है. कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर द्वारा राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल उठाते हुए हाईक. ोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है. जिस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया है. इस मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी. राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसने राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है और उसे कई नई जानकारियां मिली हैं. याची ने दलील दी कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे ये साबित होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं. ऐसे में वो भारत में चुनाव लड़ने के अयोध्या है. वो लोकसभा के सदस्य पद पर नहीं रह सकते हैं. याचिकाकर्ता ने गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है. उन्होंने राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को भारतीय न्याय संहिता व पासपोर्ट एक्ट के तहत अपराध बताया और केस दर्ज करने की मांग की. याची ने कहा कि वो इस संबंध में सक्षम अधिकारी से दो-दो बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल है. कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वो बताए कि याची की शिकायत पर सक्षम अधिकारी ने क्या कार्रवाई की है. क्या उसे ये शिकायत मिली है और इस पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है?

## मुरादाबाद में बुजुर्ग से एटीएम कार्ड छीनकर भागे बदमाश, भीड़ ने आरोपी को पकड़कर की जमकर पिटाई



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के ठाकुर द्वारा इलाके में एक चोर, बुजुर्ग से एटीएम कार्ड छीनकर भाग खड़ा हुआ, मौके पर मौजूद भीड़ ने चोर का पीछा कर पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.यह मामला ठाकुरद्वारा के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास का है. यहां लगे एटीएम पर मोहल्ला ताली कृष्णा नगर के रहने वाले वेद प्रकाश चौहान अपना एटीएम कार्ड एक्टिवेट करने पहुंचे थे. इसी दौरान वहां पर पहले से मौजूद एक युवक ने उनका एटीएम कार्ड छीन कर भागने लगा.भीड़ ने चोर को जमकर पीटाइसके बाद वेद प्रकाश चौहान भी उसके पीछे शोर मचाते हुए दौड़ने लगे. यह देख मौके पर मौजूद लोगों ने चोर को दौड़ाकर खाकेश्वर मंदिर के पास पकड़ लिया. भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई और हाथ-पैर बांधकर इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चोर को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास 52 एटीएम बरामद कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरोपी उत्तराखंड के बाजपुर के बरलावाला का रहने वाला है, उसका नाम सुखवंत सिंह बताया जा रहा है. उसके पास से पुलिस ने अलग-अलग बैंकों के 52 एटीएम कार्ड बरामद किया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है. दिनदहाड़े हुई घटना से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. पुलिस ने क्या कहा?एसपी ग्रामीण आकाश कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग से एटीएम लूट कर भाग रहे बदमाश को लोगों की मदद से पुलिस ने गिरफ्तार किया है. उसके पास से बड़ी संख्या में एटीएम बरामद हुए हैं. उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है. मामले में आगे की जांच चल रही है.

## जम्मू-कश्मीर में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ



जम्मू-कश्मीर में दो चरणों का मतदान हो चुका है और तीसर चरण में 40 सीटों पर वोटिंग होनी है. वहीं जम्मू-कश्मीर के चुनावी रण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी चुनावी रैलियां कर रहे हैं. इसी बीच सीएम योगी आज गुरुवार (26 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर के रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र पहुंचे और यहां उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा. सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या पीडीपी या नेशनल कॉन्फ्रेंस इन सभी ने जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद का श्वेयरहाउसश बना दिया था. महाराजा हरि सिंह जी और ब्रिगेडियर राजेंद्र सिंह जी ने अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग बनाया था. उस जम्मू-कश्मीर को मजहबी उन्माद के कोढ़ में बदलने का पाप कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने किया है. यह श्नए भारतश का श्नया जम्मू-कश्मीरश है. यहां अब टेररिजम नहीं टूरिजम है. कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी राजनी. तिक पार्टी नहीं, बल्कि प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां हैं. पाकिस्तान बदहाली की हालत में है- सीएम योगीसीएम योगी ने कहा कि हम लोग विकास के मार्ग पर चल रहे हैं और बगल में पाकिस्तान बदहाली की हालत में है. पाकिस्तान मानवता कादुश्मन है, मानवता का कैंसर हैं, उससे मुक्ति मिलना ही चाहिए. इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मैं पूछना चाहूंगा कि एनसी ने जो कश्मीर के लिए अलग झंडे की मांग की है, 370 और 35ए की वापसी की मांग की है उसका ये समर्थन करते हैं. क्या विभाजनकारी सोच का समर्थन करती है कांग्रेस.मुख्यमंत्री योगी ने कहा राहुल क्या कश्मीर के युवाओं पर समझौता करके आतंकवादी घटनाओं को बढ़ावा देने का समर्थन करती है. सीमापार से फिर से ट्रेड शुरू करके आंतकवाद को फिर लाना चाहती है. क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी में शामिल लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी में लाने का समर्थन करती है. क्या कांग्रेस राहुल गांधी के साथ आरक्षण विरोधी चेहरे को लाने की कोशिश नहीं कर रही है.370 का दंश पंडित नेहरू ने दिया- सीएम योगीसीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस क्या फिर से बाजार की व्यवस्था को यहां भ्रष्टाचार में फिर से डालकर कुछ आतंकवादी समर्थित हाथों में फिर सौंपने का समर्थन करती है. 370 का दंश पंडित नेहरू ने दिया और कश्मीरी पंडितों का पलायन कांग्रेस और नेहरू जी के कारण हुआ. इतने सालों तक कश्मीर को विकास से क्यों वंचित रखा गया था.

## बस्ती में पैसे लेकर थाने से भगाया गया आरोपी? बजरंग दल के नेताओं ने काटा बवाल

बस्ती जनपद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक थानेदार पर दर्जनभर से अधिक मुकदमों में वांछित अभियुक्त को थाने से भगाने का आरोप लगाते बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने में घुसकर हंगामा किया. इस दौरान पुलिस वालों की कथित सद्बुद्धि के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया. बजरंग दल के नेता को मनाने के लिए एसओ सुनील कुमार गौड़ जमीन पर बैठकर अपनी नौकरी बचाने की दुहाई देते हुए मामला शांत करने की मिन्नतें करते नजर आए, मामला कथित नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने से जुड़ा है. इस मामले में दर्जनभर से अधिक मुकदमों में वांछित अभियुक्त नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता देर शाम पुलिस कस्टडी से फरार हो गया. आरोपी के थाने से फरार होने पर नाबा. लिग के परिजन भड़क गए.नाबालिग के परिजनों ने लालगंज पुलिस पर आरोपी को पैसे लेकर भगाने का आरोप लगाया और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ थाने का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया. बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग को लेकर थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. क्षेत्राधिकारी ने दिया कार्रवाई का आश्वासथानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ ने मान मनौव्वल कर मामला शांत करने की प्रयास की लेकिन बात नहीं बनी. धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पु. लिसकर्मियों ने बदसलूकी करते हुए गाली गलौज किया. सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय सिंह ने आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और आरोपी के जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया. इसके बावजूद धरना नाबालिग के परिजनों के साथ धरने पर बैठे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तत्काल पुलिसकर्मियों की कार्रवाई करने और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया.जानकारी के मुताबिक, लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को परिजनों ने नामजद तहरीर दिया था. इसमें बताया गया कि 15 अगस्त को भोलू गुप्ता नाम के युवक नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले गया. गिरफ्तारी के तीन बाद भगाने का आरोपइसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी. बजरंग दल के जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी ने बताया कि 23 सितंबर को महसों चौकी इंचार्ज के सहयोग से आरोपी भोलू को गिरफ्तार कर थाने लाया गया था, जिसे तीसरे दिन 25 सितंबर को भगा दिया गया. इस संबंध में क्षेत्राधिकारी संजय सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और जांच में दोषी पाए जाने वाले पुलिसक. र्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## 53 दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में फेल, अखिलेश यादव बोले- 'BJP ने चंदे की रेट बढ़ाकर मामला रफा-दफा किया



उत्तर प्रदेश पैरासिटामॉल समेत 53 दवाइयां क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई हैं. इनकी गुणवत्ता में कमी का मामला सामने आया है. सीडीआससीओ द्वारा जारी रिपोर्ट में यह दावा किया गया है. इन 53 दवाओं में विटामिन, शुगर, ब्लडप्रेशर के साथ ही कई एंटीबायोटिक्स भी शामिल है. रिपोर्ट में इन दवाओं का यूज करने वालों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता भी जताई गई है. अब यह रिपोर्ट सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के जरिए लिखा, श्जवाब दे आज की भ्रष्ट भाजपा सरकार, ऐसी दवा खाकर होगा इलाज या बीमार. जब तक भाजपा कंपनियों से बटोरती रहेगी चंदा, तब तक जारी रहेगा कम गुणवत्तावाली दवाइयों का धंधा.श्उन्होंने कहा, श्इस रिपोर्ट के बाद भी कोई कार्रवाई होगी या चंदे की रेट बढ़ा कर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा. जनता की जान से खिलवाड़ करने का ये भाजपाई खेल अच्छा नहीं. निंदनीय!श दरअसल, अगर आम तौर पर बुखार होने के बाद लोग तुरंत पैरासिटामोल खा लेते हैं. ऐसे में अब सावधान रहने की जरूरत है.देश के ड्रग रेगुलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड्स कंट्रोलऑर्गेनाइजेशन¼CDSCO½ ने मासिक ड्रग अलर्ट जारी कर दिया है. इस अलर्ट में 53 दवाओं को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी ¼NSCU½ के तौर पर घोषित कर दिया गया है. NSCU के टेस्ट क्वालिटी में जो दवाएं पास नहीं कर पाईं उसमें विटामिन सी और डी3 री टेबलेट के साथ ही शेलकेल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल्स, एंटीएसिट पैन-डी, पेरा. सिटामोल टैबलेट आईपी 500 एमजी और डायबिटीज की दवाई ग्लिमेपिराइड समेत कई दवाइयां शामिल हैं पेट के इंफेक्शन की जांच के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाइ मेट्रोनिडाजोल भी टेस्ट में फेल पाई गई है. इस दवाई को पीएसयू कंपनी हिंदुस्. तान एंटीबायोटिक- लिमिटेड बनाती है. हालांकि कंपनी इस बात की जिम्मेदारी लेते हुए नहीं दिखाई दे रही है. जबकि क्वालिटी टेस्ट में फेल होने वाली दवाओं की दो लिस्ट जारी की गई है




# उत्तराखंड में महंगाई ने बिगाड़ा लोगों का बजट, सब्जी और आटे-दाल की कीमतों में उछाल

## टेस्ट मैच के आगाज भारत के पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर अपने हाथों से करेंग



**देहरादून** देशभर में बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित किया है. उत्तराखंड में भी हालत कुछ ऐसे ही है, प्रदेश की राजधानी में भी बारिश और बदलते मौसम ने सब्जियों और अन्य किचन के दामों में भारी इजाफा किया है. सब्जियों और आवश्यक खाद्य पदार्थों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे दाल–रोटी तक खाना भी अब आसान नहीं रह गया है. पहले से ही महंगी हो चुकी सब्जियों के साथ अब आटा, दाल और खाद्य तेलों के बढ़ते दामों ने रसोई खर्च को और बढ़ा दिया है. सब्जियों के दामों में तेजी का कारण मुख्यत सर्दियों की सब्जियों की आवक का शुरू न होना बताया जा रहा है. इसके चलते सब्जी मंडियों में प्याज, लहसुन और अन्य सब्जियों की कीमतें आ. समान छू रही हैं. प्याज के दाम 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुके हैं, जबकि लहसुन 300 से 400 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. इसी तरह आलू 40 रुपये प्रति किलो, गोभी 100 रुपये, शिमला मिर्च 100 रुपये और खीरा 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. टमाटर, जो कई घरों की रसोई में एक आवश्यक सब्जी है, 60 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है.

आटे–दाल की कीमतों में उछालइसके अलावा, आटे और दालों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं. आटे के दामों में भी उछाल आया है, जहां पहले 10 किलो आटा 380 रुपये में मिलता था, अब यह 400 रुपये के पार हो गया है. दालों में भी सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली अरहर की दाल के दाम 180 रुपये से बढ़कर 200 रुपये प्रति किलो हो गए हैं. चना दाल 95 रुपये से बढ़कर 115 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है. हालांकि मूंग, मलका और उड़द की दालों के दाम स्थिर बने हुए हैं, लेकिन अन्य दालों की कीमतों में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है.खाद्य तेलों के दामों में भी बढ़ोतरी देखी गई है. सरसों का तेल, जो 15 दिन पहले तक 130 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था, अब 157 रुपये प्रति लीटर हो गया है. रिफाइंड तेल की कीमतें भी 30 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 132 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई हैं. वनस्पति घी के दाम भी 110 रुपये से बढ़कर 140 रुपये प्रति किलो हो गए हैं. महंगाई के इन बढ़ते कारणों में से एक प्रमुख वजह केंद्र सरकार द्वारा 15 दिन पहले क्रूड ऑयल पर कस्टम ड्यूटी में की गई वृद्धि मानी जा रही है. महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजटआढ़त बाजार देहरादून के थोक व्यापारी विनोद कुमार गोयल के अनुसार, सरकार ने क्रूड ऑयल पर कस्टम ड्यूटी शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी है, जबकि रिफाइंड ऑयल पर कस्टम ड्यूटी 35.7 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है. इसका सीधा असर खाद्य तेलों के दामों पर पड़ा है, जिससे रसोई घर का खर्च और बढ़ गया है. रसोई के बजट पर चौतरफा मार पड़ रही है. सब्जियों से लेकर दाल और आटा तक, हर चीज के दाम बढ़ने से आम आदमी की आर्थिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

## देवदूत बन गए वानर दुष्कर्म का प्रयास कर रहे दरिंदे चंगुल से बच्ची को ऐसे बचाया अब पुलिस ने गिरफ्तार किया

**उत्तर प्रदेश** के बागपत में छह साल की मासूम से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरअसल आरोपी बच्ची को सुनसान जगह ले जाकर हवस का शिकार बनाने ही वाला था कि बंदरों ने बच्ची की जान बचा ली।बागपत जनपद के अमीनगर सराय क्षेत्र के एक गांव में मासूम को हवस का शिकार बनाने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। यूकेजी की छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने में फरार चल रहे दूसरे समुदाय के आरोपी युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक अग्रवाल मंडी टटीरी में एक रेस्टोरेंट में काम करता था। आरोपी ने पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्व. ीकार किया।क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह साल की बच्ची गांव के ही निजी स्कूल में यूकेजी की छात्रा है। जो आठ दिन पूर्व घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां वर्ग विशेष का युवक आया और बच्ची को बहला फुसलाकर गांव के ही मोबाइल टावर में ले गया।बच्ची को अपने साथ लेजाकर वर्ग विशेष के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। तभी वहां आये बंदरो के झुंड से डरकर युवक वहां से भाग गया। इसके बाद बच्ची ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जांच में आरोपी गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बच्ची को ले जाते हुआ दिखाई दिया। बच्ची के साथ हुई घटना के विरोध में विश्वहिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पंचायत कर जमकर हंगामा किया। साथ ही आरोपी को गिफ्तारी के लिए पांच दिन का अल्टीमेटम दिया गया।इसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को बसौद नहर की पटरी के पास से गिरफ्तार कर दिया। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चांद निवासी पिलखवा जनपद हापुड़ का है। जो टटीरी में बांके बिहारी रेस्टोरेंट पर काम करता था। पास के गांव बसा टीकरी में आरोपी युवक की बहन की ससुराल भी है।

## यूपी के इस Express Way पर बढ़ गया टोल टैक्स

उत्तर प्रदेश स्थित गौतमबुद्ध नगर ¼Noida½ से होकर आगरा ¼Agra EÛpress Way½तक जाने वाले यमुना एक्सप्रेस वे ¼Yamuna EÛpressway) पर टोल की दरें बढ़ा दी गईं हैं. यमुना प्राधिकरण ने टोल बढ़ाने की मंजूरी बोर्ड मीटिंग में दी है. मंजूरी मिलने के बाद टोल की दरे बढ़ा दी गईं हैं. इस बैठक में 4: टोल बढ़ाने पर मोहर लगी है. इससे पहले साल 2022 की मार्च में टोल दरों में 12 फीसदी का इजाफा किया गया था.यमुना प्राधिकरण ने टोल बढ़ाने की मंजूरी बोर्ड मीटिंग में दी है. मंजूरी मिलने के बाद टोल की दरे बढ़ा दी गईं हैं. इस बैठक में 4: टोल बढ़ाने पर मोहर लगी है. इससे पहले साल 2022 की मार्च में टोल दरों में 12 फीसदी का इजाफा किया गया था.अब ग्रेटर नोएडा से आगरा तक कार का टोल टैक्स 270 रुपये की जगह 295 रुपये लगेंगे. वहीं बसों का टोल 895 रुपये से 935 रुपये लगेंगे. ओवर साइज वाहनों का टोल 1760 रुपये की जगह 1835 रुपये लगेंगे. यह बढ़ीं हुईं दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी.

## छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़वाने गई महिला अधिकारी से छेड़खानी, दो आरोपी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में महिला अधिकारी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। टीम के साथ छुट्टा पशु पकड़वाने गई महिला अधिकारी से नशे में धुत कुछ लोगों ने छेड़खानी की। ट्रॉलियों पर डंडे बरसाए। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।शाहजहांपुर के कांट में निराश्रित गोवंशीय पशुओं को ट्रॉलियों में भरकर गोशाला लेकर जाने के दौरान पिपरोला गांव के कुछ लोगों ने महिला अधिकारी के साथ छेड़खानी कर दी। नशे में धुत आरोपियों ने ट्रॉली पर डंडे बरसाकर सरकारी कार्य में बाधा डाली। महिला अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शासन के निर्देश पर सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं को गोशाला तक पहुंचाने का कार्य ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। 24 सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे ददरौल ब्लॉक की एक महिला अधिकारी सफाई कर्मचारियों की मदद से गोवंशीय पशुओं की तलाश में निकली थीं। गोवंशीय पशुओं को ट्रॉली में भरवाकर पुरैना स्थित अस्थायी गोशाला में पहुंचाने की तैयारी थी। रास्ते में पिपरोला गांव के मुनीजर, शेर सिंह, जयपाल, राम सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रॉली को रोक लिया। आरोप है कि सभी शराब के नशे में थे। महिला अधिकारी को गलत नीयत से छूते हुए अश्लील हरकतें करने लगे। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार ट्रॉलियों में लाठी–डंडे मारकर सरकारी कार्य में बाधा डाली। महिला अधिकारी किसी तरह बचकर थाने पहुंचीं और तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शाहजहांपुर–कांट रोड पर खुर्रम के ईंट भट्ठे के पास से मुनीजर और शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष की तलाश की जा रही है।

## दिल्ली में कितने किलोमीटर का होगा एयर ट्रेन का रूट

राजधानी दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के सबसे व्यस्त और बड़े एयरपोर्ट में से एक है, जहां से हर दिन हजारों यात्री उड़ान भरते हैं. इनमें बड़ी संख्या में वे इंटरनेशनल पैसेंजर भी होते हैं, जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइट होती है या फिर वे एयरपोर्ट के टर्मिनल एक पर पहुंच कर फिर टर्मिनल दो या तीन पर जाने के लिए सड़क मार्ग का इस्तेमाल करते हैं.इस दौरान उन्हें काफी जाम का सामना करने के साथ पैदल भी चलना पड़ता है. लेकिन आने वाले तीन सालों में यात्रियों को इस परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा और वे आराम से एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक आवाजाही कर सक. ेंगे और यह संभव हो सकेगा एयर ट्रेन के माध्यम से.

लंबे रूट पर दौड़ेगी एयर ट्रेनदिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) यात्रियों की इस परेशानी को दूर करने के लिए जाम फ्री एयर ट्रेन यानी ऑटोमेटिक पीपल मूवर (एपीएम) की सुविधा आरंभ करने करने जा रहा है. इस एयर ट्रेन की शुरुआत के बाद हवाई यात्री बिना जाम में फंसे कुछ ही मिनट में टी3 एवं टी2 तक पहुंच सकेंगे. इस एयर ट्रेन के रूट की कुल लंबाई 7.7 किला. ेमीटर होगी और यह महज चार स्टॉप टर्मिनल 1, टी2ध्3, एयरोसिटी और कार्गो सिटी पर रुकेगी.

इस प्रोजेक्ट को साल 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इस प्रोजेक्ट के लिए डायल ने टेंडर भी जारी कर दिया है और संभावना है कि आगामी अक्टूबर–नवंबर तक टेंडर के लिए बिडिंग प्रोसेस भी शुरू हो जाएगी. इस पूरे प्रा. ेजेक्ट की कुल लागत करीब 2,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है.अभी सड़क मार्ग से करनी पड़ती है 7 किलोमीटर की दूरी तयवर्तमान में दिल्ली एयरपोर्ट के इंटरनेशनल टर्मिनल 3 या घरेलू टर्मिनल 1 पर पहुंचने वाले यात्रियों को अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट को पकड़ने के लिए दोनों टर्मिनल के बीच की करीब 7 किलोमीटर की दूरी सडक मार्ग के तय करनी पड़ती है.जिसके लिए बस या टैक्सी से यात्रा का विकल्प उन यात्रियों के पास होता है. लेकिन कई बार इसके लिए उन्हें लंबे इंतजार और इसके बाद सड़क पर लगने वाले ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है, जो वापस लौट रहे यात्रियों को और थकाने वाला होता है तो वहीं, यात्रा की शुरुआत कर रहे यात्रियों के सफर की शुरुआत को कष्टकारी बना देता है. लेकिन इस एयर ट्रेन की शुरुआत के बाद वे महज कुछ ही मिनटों में एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक पहुंच सकेंगे.चार स्टॉप पर होगा एयर ट्रेन का ठहरावशुरुआत में इस प्रोजेक्ट के तहत एयर ट्रेन के छह ठहराव किये जाने की बात कही गयी थी, लेकिन इस प्रोजेक्ट की डीपीआर में मंत्रालय चार स्टेशन को ही स्वीकृत किया. क्योंकि टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2ध्3 के बीच ऐरोसिटी मे दो स्टेशन बनाये जाने की योजना थी, लेकिन इससे सफर का समय बढ़ जाता और यात्रियों की समय के बचत के लिए इसकी शुरुआत के अपने उद्देश्य को यह पूरा नहीं कर पाता. वहीं बिना टर्मिनल वाले स्टॉप पर मेट्रो की फुलप्रूफ सुरक्षा देने से इस प्रोजेक्ट का बजट भी बढ़ जाता.

क्या होती है एयर ट्रेन?

एयर ट्रेन, जिसे ऑटोमेटेड पीपल मूवर (एपीएम) भी कहा जाता है, एक स्वचालित ट्रेन प्रणाली है जो दुनिया के कई बड़े एयरपोर्ट पर उनके टर्मिनलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक यात्रियों को बिना किसी परेशानी के पहुंचाने के लिए चलती है. इसका मुख्य उद्देश्य एयरपोर्ट पर पहुंचे यात्रियों को एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक बिना किसी परेशानी के तेज गति से पहुंचाना है.

यात्रियों के लिए एयर ट्रेन यात्रा होगी मुफ्तभारत से पहले कई विकसित देशों में टर्मिनलों के बीच आवाजाही के लिए एयर ट्रेन कॉन्सेप्ट को अपनाया जा चुका है. दुबई समेत कई ऐसे एयरपोर्ट है जहां एयर ट्रेन के माध्यम से यात्री एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक आवाजाही कर रहे हैं वह भी मुफ्त. अब यह सुविधा दिल्ली से उड़ान भरने वाले यात्रियों को भी मिल सकेगी. आंकड़ों के अनुसार हर साल 7 करोड़ से ज्यादा यात्री यहां से सफर करते हैं. अनुमान है कि अगले 6–8 सालों में यह संख्या दोगुनी हो जाएगी. ऐसे में टर्मिनलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी बेहद जरूरी है. बता दें कि, एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने की लागत एयरलाइंस से ली जाने वाली लैंडिंग और पार्किंग फीस से वसूल की जाती है.

डायल द्वारा जारी किया गया यह टेंडर प्रस्तावटेंडर डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि डायल दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक एलिवेटेड सह एट–ग्रेड एपीएम प्रणाली को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मॉडल पर लागू करने का प्रस्ताव करता है. एपीएम प्रणाली का उद्देश्य टी1 और टी 2ध्3 के बीच लगभग 7.7 किमी की दूरी को एयरोसिटी और कार्गो सिटी के माध्यम से जोड़ते हुए तेज कनेक्टिविटी देना है.

## उत्तराखंड में बाहरी लोगों के लिए जमीन खरीदना नहीं होगा आसान

उत्तराखंड सरकार ने बाहरी राज्यों के निवासियों के लिए जमीन खरीदने के नियमों को कड़ा कर दिया है. राज्य में भूमि की बढ़ती मांग और बाहरी निवेशकों द्वारा कृषि और बागवानी के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीन खरीदने की प्रवृत्ति को देखते हुए, राज्य सरकार ने भूमि की खरीद पर सख्त पाबंदियां लगा दी हैं. यह कदम राज्य के पर्यावरण और स्थानीय निवासियों के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है.गैर–कृषि भूमि बाहरी राज्य के निवासी केवल आवासीय और वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए जमीन खरीद सकते हैं. हालांकि, इसके लिए भी कुछ सीमाएं और शर्तें लागू होती हैं.

अधिकतर मामलों में, बाहरी निवासियों के लिए अधिकतम 250 वर्गमीटर तक की भूमि खरीदने की अनुमति होती है. इससे बड़ी जमीन खरीदने के लिए विशेष प्रशासनिक अनुमति की आवश्यकता होती है, और भूमि का उपयोग केवल आवासीय या वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता हैकृषि भूमि वर्तमान में, बाहरी राज्यों के लोगों के लिए उत्तराखंड में कृषि भूमि खरीदने पर पूरी तरह से रोक है. पहले, यदि किसी बाहरी व्यक्ति के पास 12 सितंबर 2003 से पहले राज्य में कोई अचल संपत्ति थी, तो उसे कृषि और बागवानी के उद्देश्य से जमीन खरीदने की अनुमति दी जा सकती थी. लेकिन अब, इस प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है, जब तक कि नया भू–कानून लागू नहीं हो जाता.उत्तराखंड में जमीन खरीदने को लेकर ये हैं नियमजिलाधिकारी की अनुमति बाहरी राज्यों के निवासियों को किसी भी प्रकार की जमीन खरीदने से पहले जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है. इस प्रक्रिया में खरीदार की पृष्ठभूमि की जांच की जाती है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि खरीदी जाने वाली जमीन का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाएगा. यह कदम राज्य में भूमि की अनियंत्रित खरीद और इसके गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए उठाया गया है भू–कानून का संशोधन उत्तराखंड सरकार ने राज्य के लिए एक नया भू–कानून तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है. इसके लिए एक प्रारूप समिति का गठन किया गया है, जो विशेषज्ञों और स्थानीय निवासियों से विचार–विमर्श करके कानून का मसौदा तैयार करेगी. इस नए कानून के आने तक, कृषि भूमि खरीदने पर रोक जारी रहेगी, और जिलाधिकारी बाहरी निवासियों को जमीन खरीदने के प्रस्तावों में अनुमति नहीं देंगेक्या है वर्तमान स्थितिबाहरी राज्यों के निवासियों के लिए कृषि भूमि खरीदने पर रोक लगा दी गई है. केवल आवासीय और वाणिज्यिक उपयोग के लिए ही सीमित मात्रा में भूमि खरीदी जा सकती है. इसके अलावा, जो लोग राज्य में निवेश करना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों और शर्तों का पालन करना होगा. भूमि खरीदने की प्रक्रिया में प्रशासनिक मंजूरी और पृष्ठभूमि की जांच अनिवार्य है. यह कदम राज्य की पारिस्थितिकी और सामाजिक संरचना की सुरक्षा के लिए आवश्यक माना गया है.उत्तराखंड में भूमि खरीदने के इच्छुक बाहरी निवासियों को नए भू–कानून के लागू होने तक इंतजार करना होगा, जिसके बाद स्पष्टता मिलेगी कि वे कितनी जमीन और किन शर्तों के साथ खरीद सकते हैं.

उत्तराखंड सरकार का यह निर्णय राज्य की जनता और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के उद्देश्य से लिया गया है. बाहरी राज्यों के निवासियों के लिए फिलहाल कृषि भूमि खरीदने की अनुमति नहीं है, और गैर–कृषि भूमि खरीदने के लिए भी कई शर्तें लागू होती हैं.

### मुरादाबाद में कार से बच्चे के अपहरण की कोशिश, भीड़ ने कार को आग के हवाले कर बदमाश को पीटा

मुरादाबाद के थाना गलशहीद इलाके में देर रात सड़क पर जा रहे नाबालिग बच्चे को समान मंगाने के बहाने कार में बैठाकर अपहरण करने का प्रयास किया गया. बच्चे ने दौड़कर अपने पिता को अपहरण की बात बताई, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई. भीड़ ने कार सवार अपहरणकर्ता की पिटाई कर दी. आक्रोषित भीड़ ने अपहकरणकर्ता की कार को आग लगा दी. हंगामे की सूचना पर थाना गलशहीद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाने की कोशिश की.पुलिस ने अपहरणकर्ता से जब पूछताछ की तो उसने कभी अपना नाम अनुज कभी अनुराग तो कभी नासिर बताया, पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर जांच कर रही है. पुलिस इस बात का पता लगाने की को. शिश कर रही है कि आखिर आरोपी का मकसद क्या था और आरोपी कहां का रहने वाला है और यहां क्यूं आया था. मौके से भीड़ को हटाने के लिएपुलिस बल पहुंचा और फायर ब्रिगेड को बुला कर कार मे लगी आग बुझाया गया.पैसे का लालच देकर अगवा करने की को. शिश

पीड़ित के पिता का कहना है कि आरा. ेपी को भीड़ ने पीटा है यह कई दिन से इलाके में घूम रहा था. अगर बच्चे के पिता और मोहल्ले के लोग बच्चे को न बचाते तो वह अपहरण कर ले जाता. अब पुलिस पकड़े गए आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है. बच्चे ने बताया कि कार सवार ने उसे चीज और पैसे देने का लालच दिया था कि कार में बैठ कर साथ चलो घर पर थोड़ा काम करना है उसके आपको पैसे दूँगा और भी दो बच्चे कार में पहले से बैठे हुए थे. मैं कार की खिड़की खोल कर भाग गया और लोगो को बता दिया जिसके बाद उन दोनों बच्चों को भी कार वाले से छुड़ा लिया गया अब सब बच्चे सुरक्षित अपने घर पहुंच गए हैं.मुरादाबाद के एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि, पकड़ा गया आरोपी रामपुर जनपद के रहने वाला है. वह बच्चों का अपहरण कर उनके साथ बुरा काम करने के इरादे से यहां आया था. बच्चों को चीज दिलाने के बहाने से कार में बैठा रहा था, एक बच्चे को हाथ पकड़ कर खीं. चने की कोशिश की तो वह छूट कर भाग गया और अपने पिता को घटना की जानकारी दी. जिसके बाद भीड़ ने कार वाले अपहरणकर्ता को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर कार को आग लगा दी. वहां से गुजर रहे पुलिस वालों ने आरोपी को छुड़ा लिया और उसे थाने ले आये. आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

# अलीगढ़ में पुराने आलू का स्वाद नहीं बिगाड़ सकेगा. नया आलू, लेट ही आएगा, कीमतें भी चढ़ेंगी

## कोल्ड स्टोर में 11 लाख टन आलू का भंडारण है। किसान भी आलू की निकासी नहीं कर रहे

अलीगढ़ आलू बेल्ट में शामिल अलीगढ़ और हा. थरस में 165 कोल्ड स्टोर हैं। इन कोल्ड स्टोर में 11 लाख टन आलू का भंडारण है। किसान भी आलू की निकासी नहीं कर रहे हैं। जबकि कोल्ड स्टोर स्वामी आलू निकासी के लिए किसानों को मैसेज भेज रहे हैं।इस बार पुराने आलू का स्वाद नया आलू उस तरह से नहीं बिगाड़ सकेगा। इसकी वजह नए आलू का लेट आना होगा। दरअसल नया आलू सबसे पहले हिमाचल और पंजाब से आता है। दिवाली तक आलू की किस्म मार्केट में छा जाती है। लेकिन इस बार बरसात के चलते फसल तो कम मानी ही जा रही है बीस से पच्चीस दिन लेट भी होगी। वहीं आलू बेल्ट अलीगढ़, आगरा



और हाथरस में भी अगैती किस्म पिछड़ रही है। बरसात के चलते बुआई रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है।कच्ची और पक्की खोद वाला है आलू
आलू बेल्ट में दो तरह से आलू की खेती होती है। एक तो कच्ची खोद (पकने से पहले आलू की खुदाई कर लेना)। यह नवंबर–दि. संबर में आ जाता है। दूसरा पक्की खोद (आलू पूरा साइज का हो जाता है और कोल्ड स्टोर में रखा जाता है) फरवरी में आता है। हरदुआगंज के गांव भवनगढ़ी निवासी राजेंद्र चौधरी का कहना है कि खेत तैयार कर लिया गया है। अगर मौसम ने साथ दिया तो जल्द बुआई कर देंगे वरना लेट हो जाएगा। रजा ताऊ के गिरीश चौधरी भी 60 बीघा खेत में आलू की खेती करेंगे। गिरीश चौधरी का कहना है कि इस बार पुराना आलू खूब चलेगा। उसकी वजह बाजार में नए आलू का लेट आना रहेगा।आलू का रकबा अलीगढ़ में आलू का रकबा– 30 हजार हेक्टेयर हाथरस में आलू का रकबा– 50 हजार हेक्टेयर अलीगढ़ और हाथरस के कोल्ड स्टोर में है 11 लाख टन आलू का भंडारण आलू बेल्ट में शामिल अलीगढ़ और हाथरस में 165 कोल्ड स्टोर हैं। इन कोल्ड स्टोर में 11 लाख टन आलू का भंडारण है। किसान भी आलू की निक. ासी नहीं कर रहे हैं। जबकि कोल्ड स्टोर स्वामी आलू निकासी के लिए किसानों को मैसेज भेज रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि पुराने आलू का भी इस बार अच्छा भाव रहेगा। इगलास के कलवारी गांव निवासी आलू उत्पादक किसान चौधरी हरि सिंह का कहना है वह 50 बीघा में आलू की खेती करते हैं। आगरा और हा. थरस की आलू बेल्ट में आलू की बुआई अक्तूबर के पहले सप्ताह से शुरू , होती है। लेकिन इस बार तो बरसात के कारण खेत अभी तक तैयार ही नहीं हो पा रहे हैं। कुछ जिलों में जहां आलू की अगैती फसल होती है वहां 25 सितंबर से बुआई शुरू हो जाती है। लेकिन इस बार मौसम की मार के चलते कुछ किसान आलू की खेती करेंगे भी नहीं। इन हालातों में नए आलू की फसल कमजोर ही रहेगी।आमतौर पर नया आलू हिमाचल के ऊना और पंजाब से ही आता है। लेकिन इस बार वहां भी बरसात के कारण आलू की फसल प्रभावित हो रही है। अगैती आलू की फसल की बुआई नहीं हो पा रही है। इसलिए नया आलू कम ही आएगा। हाथरस के आलू उत्पादक किसान हरचरन सिंह का कहना है कि इस बार पुराना आलू मार्केट में छाया रहेगा। हर बार जब नया आलू आता था तो पुराने के रेट तेजी के साथ गिर जाते थे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

## गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ, सुबह होगी रासलीला, रात में रामलीला



27 सितंबर से सुबह आठ बजे से 11 बजे तक रासलीला का मंचन हुआ करेगा

हाथरस के रामलीला मैदान में अगले 20 दिनों तक चलने वाली रामलीला का गणेश पूजन के साथ 25 सितंबर को शुभारंभ हो गया। शहर के धर्माचार्यों ने विधि–विधान व मंत्रोंचारण के बीच गणेश पूजन किया और विष्णु स्तुति संपन्न कराई। पहले दिन नारद मोह लीला का मंचन किया गया।खास बात यह है कि इसी मंच पर सुबह के समय रासलीला और रात को रामलीला का मंचन होता है। 27 सितंबर से सुबह आठ बजे से 11 बजे तक रासलीला का मंचन हुआ करेगा। शहर में सार्वजनिक धार्मिक सभा के तत्वावधान होने वाली रामलीला के संयोजक डा. अविन शर्मा है। रामलीला में पहले दिन लीला संस्थान के कलाक. ारों ने नारद–मोह, पृथ्वी पुकार लीला का मंचन किया। इस अवसर पर सार्वजनिक धार्मिक सभा के अध्यक्ष रामबहादुर यादव, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार गौतम, मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल, राम अवतार यादव,राजेंद्र कुमार अग्रवाल,राम गोपाल वार्ष्णेय, उमा शंकर शर्मा, प्रबंधक कृष्ण कुमार गौतम, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।




उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर जनपद अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस के शिक्षकों और शिक्षिकाओं का विशाल धरना दिनांक 26 सितंबर 2024 को 12 बजे से मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय अलीगढ़ पर 26 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशिय अध्यक्ष मा०सुरेश कुमार त्रिपाठी जी,विशेष अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य माननीय जगवीर किशोर जैन, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री श्री नरेंद्र कुमार वर्मा एवं पूर्व महामंत्री इन्द्रासन सिंह उपस्थित रहे। माननीय त्रिपाठी जी ने अपने भाषण में कहा कि–सियासत ने आवाम पर यह एहसान किया है ंखे छीन ली है और चश्मा दान दिया है अर्थात जो सरकार 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को आदर सम्मान देती है और बार–बार कहती है गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पांव ... और दूसरी तरफ शिक्षकों के खिलाफ पुलिस के द्वारा जांच करवाने का आदेश देती है यह कैसी सरकार है जिन पुलिस वालों को जिन अधिकारियों को हमने पढ़ा लिखा कर इस लायक बनाया आज वही हमारी जांच करेंगे। माननीय जैन साहब ने कहा कि यदि सरकार मंडल स्तर के धरनो से हमारी आवाज को नहीं सुनेगी तो शीघ्र ही प्रांतीय नेतृत्व लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना प्रदर्शन आयोजित करेगा। चारों जनपदों से आए हुए लगभग 400 से अधिक शिक्षकों ने एक स्वर में मांग की प्रदेश का शिक्षक ना तो एन०पी०एस० स्वीकार करेगा और ना ही यू०पी०एस० स्वीकार करेगा वह हर दिशा में पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रखेगा। 26 सूत्रीय मांग पत्र के साथ जनपद एवं मंडल स्तर की समस्याएं मा० मुख्यमंत्री जी को संयुक्त शिक्षा निदेशक अलीगढ़ के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित की गई। मंच का संचालन मंडलीय मंत्री आलोक दुबे द्वारा किया गया। धरने पर देवेंद्र कुमार यादव (प्रांतीय मंत्री), रामलाल कुशवाहा (सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी),डॉ० दिलीप कुमार अमौरिया (मंडलीय अध्यक्ष ),मुकेश कुमार शर्मा (जिलाध्यक्ष अलीगढ़), मुकेश कुमार शर्मा (जिलाध्यक्ष एटा)प्रेम प्रकाश कुशवाह (जिलाध्यक्ष कासगंज),रनवीर सिंह (जिलाध्यक्ष हाथरस),हरी शरण सिंह (जिलामंत्री एटा),हरी सिंह मौरिस(जिलामंत्री कासगंज),चन्द्रवीर सिंह (जिलामंत्री हाथरस),मोहित जैन (जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ), महेश कुमार,के०पी० सिंह, रामपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अलीगढ़ के नुमाइश मैदान स्थित गेस्ट हाउस में , 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक लगेगा आतिशबाजी बाजार

अलीगढ़ के नुमाइश मैदान स्थित गेस्ट हाउस में आतिशबाजी बाजार के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आतिशबाजी बाजार लगाए जाने का निर्णय हुआ। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र के जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि आ. तिशबाजी लाइसेंस के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से ही शुरू कर दी जाए। जिससे सभी दुकानदारों के समय से ला. इसेंस बन जाएं। वहीं पक्की दुकानों में रुकी हुई पीएसी को स्थानांतरित किया जाए। कहा कि बाजार के जर्जर मार्गों को दुरुस्त कराया जाए। कचरा और गंदगी साफ हो। अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम, सीओ द्वितीय को आतिशबाजी दुकानदारों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह, जिला महामंत्री एम ए खान गांधी, युवा जिलाध्यक्ष संतोष वार्ष्णेय, उमेश गौड़, यश कुमार बाबा, मो शादाब, कमल गुप्ता, मो जाकिर आदि मौजूद रहे।

### त्यौहारों को लेकर एक्शन मोड में आया नगर निगम। त्यौहारों से पहले शहर की सफाई को सुधारने निकले महापौर और नगर आयुक्त

नगर विकास मंत्री के निर्देश पर महापौर और नगर आयुक्त ने सफाई में सुधार का उठाया बीड़ा –7 दिन में शहर की सफाई व्यवस्था में बदलाव का महापौर और नगर आयुक्त का वादाजोन वाइज सफाई की समीक्षा में महापौर और नगर आयुक्त ने अधीनस्थों की लगायी क्लास–आउटर एरिया में जल्द सुधरेगी सफाई व्यवस्था–दुक. ानों पर 02 कूड़ेदान रखना होगा अनिवार्य न रखने पर होगी सखत् कार्यवाही।महापौर ने तलब किया 90 पार्षद वार्डो का बीट प्लान–सफाई कर्मचारियों की रैण्डम होगी हाजरी चौक–रोजाना सुबह 6 बजें अधिकारियों को सफाई का निरीक्षण करने की हिदायत सड़कों पर निर्माण सामग्री रखना व डालना पड़ेगा महगा–सीधे जुर्माना और होगी विधिक कार्यवाही के निर्देश।बीते बुद्धवार को शहर की सफाई और कचरा उठाने की व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश अलीगढ़ आये प्रदेश के नगर विकास मंत्री ने महापौर और नगर आयुक्त को दिये थे। नगर विकास मंत्री के निर्देशों को जमीनी रूप देने के लिये गुरूवार सुबह और दोपहर महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से नगर विकास मंत्री के सर्किट हाउस आने वाले महेश. पुर बाईपास से सर्किट हाउस तक सड़क किनारे पड़े पुराने कचरें, सीएनडी वेस्ट व साफ सफाई का निरीक्षण किया निरीक्षण उपरान्त महापौर आयुक्त नगर आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था को अगले 7 दिन में सुधारने की दिशा में काम करने के लिये स्वास्थ्य विभाग के साथ मैराथन समीक्षा करते हुये सफाई में सुधार के बारे में समीक्षा की।महापौर और नगर आयुक्त ने जमालपुर, जमालपुर फ्लाई ओवर, महेश पुर फ्लाई ओवर, महेशपुर जीवनगढ़, क्वार्सी बाईपास क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में महपौर ने जमालपुर कूड़ा ट्रार्स्फर स्टेशन को तत्काल क्रियाशील करने के निर्देश दिये। महापौर ने महेशपुर से सर्किट हाउस तक अवैध अतिक्रमण हटाने, सीएनडी वेस्ट को जब्त करने, दुकानदारों को अनिवार्य रूप से दो कूड़ेदान रखवाये जाने के निर्देश दिये।महापौर और नगर आयुक्त शहर ने प्रमुख सड़कों पर निर्माण सामाग्री रखने व डालने पर नाराजगी जताते हुये ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी जुर्माना करते हुये उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा माननीय नगर विकास मंत्री महोदय के मार्गदर्शन में शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिये 10 दिन की कार्ययोजना पर जमीनी रूप से काम करने के लिये भी अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिये गये है। आने वाले 10 दिनों में सड़कों को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा युद्धस्तर पर प्रयास किया जाये। इसके पहले चरण मे ंसभी दुकानदारो,केंटीन , ढाबा, धकेल वालों को अपने कचरे के निस्. तारण के लिये 2 कूड़ेदान अनिवार्य रखने होगें न रखने पर होगी सखत् कार्यवाही।

समीक्षा बैठक में महापौर और नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से शहर की सफाई में सुधार के लिये एसएफआई से इसके बारे में पूछा। महपौर और नगर आयुक्त ने सभी एसएफआई को अपने स्वच्छता वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मच. ारियों की उपस्थिति को चौक करने, अगले 1 हफ्ते में सभी 90 पार्षद वार्ड में सफाई का बीट प्लान उपलब्ध कराने, आगामी त्यौहारों को देखते हुंये दीपावली तक शहर की सफाई में सुधार के लिये नगर निगम सफाई की कार्ययोजना को उपलब्ध कराने सभी बाजारों में दुकान, चाय कैटीन, ढाबा, धकेल व वैन्डिग जोन में 02 कूड़ेदान अनिवार्य रखने न रखने पर रोजाना चालान करने के निर्देश दिये।समीक्षा में महापौर और नगर आयुक्त ने गलियों से कचरा उठाकर कलैक्शन पाइंट पर लाने की व्यवस्था पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुये अर्बन कम्पनी से जमालपुर कूड़ा ट्रार्स्फर स्टेशन के कार्यशील नही होने का कारण पूछा और हिदायत की 24 घंटे में ट्रार्स्फर स्टेशन को कार्यशील करने की हिदायत दी। समीक्षा बैठक में महापौर और नगर आयुक्त ने सुबह 10 बजें तक शहर की सड़कों को कचरा मुक्त बनाने के लिये जमीनी कवायद करने के सख्त निर्देश दिये।समीक्षा व निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सीटीओ अशोक सिंह, अधिशासी अभियन्ता अजय राम, जैडएसओ दलवीर सिंह सहित सभी एसएफआई मौजूद थे।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ. से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ न्यायलय ही होगा।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

# अलीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चलती ट्रकों से चोरी करने वाले गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

## अलीगढ़ की क्वार्सी पुलिस ने चोरों अंतर्जनपदीय गैंग को गिरफ्तार किया ,पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए



अलीगढ़ की क्वार्सी पुलिस टीम ने 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. गिरफ्तार आरोपी चलती ट्रकों से लूट की वारदात को अंजाम देते थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का लाखों का माल बरामद किया है. यह शातिर चोर रोड पर चलती हुई ट्रकों से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे. चोरी करने के लिए आरोपी ऑटो रिक्शा से ट्रकों का पीछा करते थे. मौका मिलते ही ये अपने ऑटो रिक्शा को ट्रकों के बराबर में लगाकर उस पर चढ़ जाते थे और ति. रपाल काटकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे.मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई फिलहाल क्वार्सी पुलिस ने तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के कब्जे से चोरी का लाखों का माल बरामद हुआ है, जिसमें बड़ी मात्रा में उड़ीसा की शराब, टाइल्स, केमिकल और अन्य सामान बरामद हुआ है.पुलिस को आरोपियों के बारे में मुखबिर से सूचना मिली थी. इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आक. श अग्रवाल, कान्हा कुमार और गौरव कुमार को गिरफ्तार कर लिया, हालांकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा है. आरोपी शातिर चोरों के पास से चोरी की एक स्कूटी भी बरामद हुई है. पुलिस के मुताबिक, यह स्कूटी तीन महीने पहले शातिर चोरों ने अलीगढ़ के अतरौली रोड स्थित पीएसी के पास से चोरी किया था. इनके दो साथी प्रशांत और रोहित पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं. इन ट्रकों को बनाते थे निशाना प्रशात और रोहित को अतरौली पुलिस ने हालिया दिनों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जबकि एक अन्य आकाश का भाई गगन अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वह अतरौली की शराब फैक्ट्री से निकलने वाले ट्रकों को निशाना बनाते थे, लेकिन अब वह हाइवे पर गुजरने वाले ट्रकों से भी चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए गगन ऑटो चलाता है. ट्रक की गति कम होने पर मौका मिलते ही वो उस पर सवार हो जाते हैं. इसके बाद ट्रक पर ढके तिरपाल को काटकर उसमें से सामान नीचे फेंकते चलते हैं. बाकी आरोपी पीछे चल रहे ऑटो में सामान को इकठ्ठा करते रहते हैं. लाखों का सामान बरामद चोरी का सामान को रखने के लिए उन्होंने एक किराये पर दुकान ली है. यहां से वे धीरे–धीरे माल को बेचते हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में उड़ीसा रॉकफोर्ड शराब, 11 पेटी आफिसर चॉइस मार्का और अंग्रेजी शराब के 523 टेट्रा पैक, रसभरी मार्का देशी शराब के 10 टेट्रा पैक और हेलमेट का 635 शीशा बरामद किया है. इसके अलावा 460 सेफ्ट्रीएक्सोन इंजे. क्शन (1 ग्राम), ग्राउट सीलर के 150 डिब्बे (प्रत्येक 400 एमएल), अनसैंडिड ग्राउट (600 सीरिज के 1 किलो) के 120 पैकेट, ग्लूकोज डी पाउडर के 500 ग्राम के 30 डिब्बे, एक बाल्टी 20 किलो डार्क चोको कवरिंग और एक चोरी की स्कूटी भी पुलिस ने बरामद की है.

पुलिस ने क्या कहा?इस संबंध में एसएसपी मयंक पाठक ने बताया कि थाना क्वारसी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो लगातार लिंक रोड पर चलने वाले बड़े वाहनों को निशाना बनाकर उनसे सामान चोरी करते थे. इनका सामान चोरी करने का प्लान ऑटो से शुरू होता था और यह लोग सामान इकट्ठा करने के बाद एक दुकान में छुपा कर उसे धीरे–धीरे बेचा करते थे. सएसपी मयंक पाठक ने बताया कि एक आरोपी मौके से फरार हो गया. इस गैंग के अन्य दो सदस्यों को अतरौली पुलिस गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेज चुकी है. उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल में सामने आया है कि यह पूरा अंतर्जनपदीय गैंग है. जिन पर अलग–अलग थानों में मुकदमा पंजीकृत है. अन्य पटल पर इन लोगों की जांच कराई जा रही है और कितने लोग इस ग्रुप में शामिल हैं. इस बात को लेकर भी टीम जांच कर रही है.

## जलभराव-पोखरे पर दबंगों के कब्जे से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन, कलेक्टर ने दिया ये आदेश



अलीगढ़ के कोल तहसील के सिकरना गांव के लोग जलभराव की समस्या से परेशानउत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं और महिला ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है. गांव में जलभराव की समस्या के निपटान को लेकर सपा जिला अध्यक्ष ने जिला कले. क्टर से मुलाकात की है.

सपा नेताओं ने इस दौरान मौजूदा भारतीय जनता पार्टी के जन प्रतिनिधियों पर सवाल खड़े किए. समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह धनगर ने प्रशासन से ग्रामीणों को जल भराव से मुक्ति दिलाने और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई कीमांग की है.अलीगढ़ कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शनदरअसल, पूरा मामला अलीगढ़ का है. जहां जल भराव की समस्या से तंग आकर दर्जनों ग्रामीणों ने सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह धनगर के नेतृत्व में अलीगढ़ कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया है. ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं.ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के पोखर पर भू–माफिया ने कब्जा कर लिया है, जिसकी शिकायत दर्जनों बार अधिकारियों से की गई है. इसके उलट अधिकारियों के जरिये लीपा पोती करके शिकायतों को कूड़े में डाल दिया जाता है. यही वजह है कि आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ.

इससे नाराज होकर गांव की दर्जनों मि. हलाओं ने जिला कलेक्ट्रेट अलीगढ़ पर प्रदर्शन किया है. महिलाओं का कहना है कि वह जलभराव की समस्या से लंबे समय से परेशान हैं और इसकी वजह से घर से निकलना मुश्किल हो गया है.

इस मौके पर ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं.श्दबंगों ने किया पोखरे पर अवैध कब्जाश

यह पूरा मामला अलीगढ़ जिले के कोल तहसील के सिकरना गांव का है, जहां गांव की पोखर पर दबंगों ने कथित तौर पर कब्जा कर लिया है. इसकी वजह से गांव का सारा पानी सड़कों पर बहता है. जल निकासी न होने की वजह पूरा गांव जलभराव की समस्या से जूझ रहा है.कई बार शिकायत के बावजूद भी जब निस्. तारण नहीं हुआ तो दर्जनों महिलाओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन किया. महिलाओं ने जिलाधिकारी अलीगढ़ से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया. इस पर जिला अधिकारी ने उन्हें समस्या का समाधान करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया.सपा जिला अध्यक्ष का सरकार पर तंजसमाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह धनगर ने बताया कि लंबे समय से गांव स्थिति बदहाल है, विकास कार्य ना होने की वजह से गांव में जगह–जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं. गांव की पोखर पर भू–माफियाओं का कब्जा है.लक्ष्मी सिंह धनगर ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ष्एक तरफ मौजूदा सरकार भू–माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है. दूसरी तरफ शिकायत के बावजूद भी भू–माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही. समस्या से जल्द मिलेगी निजातअलीगढ़ जिला अधिकारी विशाख जी अय्यर ने आम लोगों को जल्द ही समस्या से निजात दिलाने का वादा किया है. उन्होंने सपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह धनगर समेत अन्य ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत पत्र को अधीनस्थ अधिकारियों को भेजने की बात कही गई है.

## फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान बनाने के लिए डीएम ने आंवटित किए साप्ताहिक लक्ष्य

अलीगढ़ 26 सितंबर 2024(सू0वि0)रू श्फैमिली आई0डी0–एक परिवार एक पहचानश्श योजना के अन्तर्गत जिले में नए फैमिली कार्ड बनाये जाने के लिए आवेदन कराने एवं लम्बित आवेदनों के समयबद्ध सत्यापन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी विशाख जी0 ने सभी एसडीएम, बीडीओ एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डीएम ने बताया कि जिले में प्रत्येक सप्ताह फैमिली आई0डी0 के 1000 नये आवेदन कराते हुए उनका त्वरित सत्यापन सुनिश्चित किया जाना है। इसके लिए जिलास्तर पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से सम्बन्धित नोडल अधिकारियों यथा–शहरी क्षेत्र में एसडीएम एवं ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ के माध्यम से योजना को धरातल पर सफल बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित लाभार्थी. परक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध, लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन, योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का शत–प्रतिशत आच्छादन एवं जनसामान्य के लिए सरकारी सुविधाओं के सरल. ीकरण करने के उद्देश्य से ष्फैमिली आई0डी एक परिवार–एक पहचानष योजना संचालित की जा रही है। योजना के अन्तर्गत प्रदेश में अध्यासित राशन कार्ड धारक परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आई0डी0 है एवं ऐसे परिवार जिनके राशन कार्ड नहीं है की फैमिली आई0डी0 बनाये जाने के लिए पोर्टल ित्पसल.नच.हवअ.पद विक. सित किया गया है। डीएम ने फैमिली आई0डी0 योजना को गति प्रदान करने के लिए ग्राम्य विकास, कृषि, उद्यान, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, प्रोबेशन, श्रम उद्योग एवं अन्य लाभार्थी. परक योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों की फैमिली आई0डी0 बनबाकर संतृप्तिकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने प्रत्येक विकास खण्ड, नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को फैमिली आई0डी0 बनाये जाने के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक विकास खण्ड को 100, नगर निगम को 250, नगर पालिका परिषद को 50 एवं नगर पंचायतों को 30–30 फैमिली आई0डी0 बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि फैमिली आई0डी0 बनाए जाने के लिए आवेदन की प्रगति की पाक्षिक समीक्षा विशेष सचिव नियोजन द्वारा की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही यूआईडीएआई के स्टेट पोर्टल पर जिले में लम्बित आधार नामांकन पैकेट्स का सत्यापन सम्बन्धित उप जिलाधिकारी ससमय करना सुनिश्चित करेगें। शासन स्तर से फैमिली आई0डी0 कार्ड व यूआ. ईडीएआई के स्टेट पोर्टल पर लम्बित आधार नामांकन पैकटेस सत्यापनों की प्रगति के सम्बन्ध में आगामी समीक्षा बैठक माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली आई0डी0 योजना के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपनी विभागीय योजना के लाभार्थियों की फैमिली आई0डी0 शत–प्रतिशत बनवाने के लिए आवेदन कराना सु. निश्चित करें,जिससे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से अधिक से अधिक जनसामान्य लाभान्वित हो सकें।

## श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा लगाया गया निरूशुल्क एनीमिया जांच शिविर



श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा निरूशुल्क एनीमिया जांच शि. विर रामघाट रोड , अवंतिका फेस 1 स्थित रश्मि नार्शिंग होम डा. दिव्य गुप्ता जी के यहां आयोजित किया गया । कार्यक्रम का सुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती कंचन अग्रवाल जी (डब्बू दाल. सवे) द्वारा महाराज जी की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । संस्था के अध्यक्ष अभिनव अग. वाल जी द्वारा बताया गया की संस्था द्वारा एनीमिया जांच कैंप पहली बार लगवाया गया है । जिसमे 150 से 200 महिलाओं की खून की जांच के माध्यम से एनीमिया का पता लगाया गया । जयंती संयोजक नवीन अग्रवाल जलेसर जी ने बताया की समाज के वंचित वर्ग की महिलाएं जो कुपोषण का शिकार उन महिलाओं के रक्त के माध्यम से ऐनीमिया शुगर व बी पी की जाँच कराई गई है । जो महिलाएं कुपोषण की शिकार हैं डाक्टर की सलाह अनुसार संगठन द्वारा उनका सही होने तक इलाज करवाए जायेगा । डा. दिव्य गुप्ता जी की सलाह पर संस्था द्वारा एक पतवद तपबी यानि आयरन पोषक किट त्यार की है ।

यह किट जाँच करवाने वाली हर महिला को संस्था द्वारा भेंट की गई है । कार्यक्रम की महिला संयोजिका श्रीमती पारूल अग्रवाल एवं पंखुरी गर्ग रही । शिविर में संस्था के महामंत्री एड. , प्रशांतअग्रवाल कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल रॉयल , उपमंत्री राहुल गर्ग बीमा ,प्रीतेश अग्रवाल,दिव्यांशु अग्रवाल, मीडिया प्रभारी दिव्यांश अग्रवाल ,गौरव इंटेक्स , लव अग्रवाल , अनुल गर्ग , अंकुर अग्रवाल आदि लोग मोजूद रहे ।

## ईएफ एस आईएम स्किल डवलपमेंट एकेडमी में वृहद रोजगार मेला 27 सितम्बर को

अलीगढ़ जनपद के शिक्षित, बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन, मॉडल कैरियर सेंटर, कौशल विकास मिशन, ईएफएसआईएम स्किल डवलपमेंट एकेडमी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ईएफएसआईएम स्किल डवलपमेंट एकेडमी अनूपशहर रोड निकट छेरत सुड़ियाल में 27 सितम्बर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें 10 नामचीन कम्पनियों द्वारा लगभग 1600 पदों पर बेरोजगारों का चयन कर स्थल पर ही ऑफर लैटर दिये जाएंगे।जिला सेवायोजन अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में डिक्शन प्रा0 लि0 नोयडा, बंधन स्किल डवलपमेंट सेंटर अलीगढ़, विजन इण्डिया सर्विस नोयडा, हरी सर्विस प्रा0 लि0 अलीगढ़, टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर, एसआईएस इण्डिया लि0 न्यू दिल्ली एवं अन्य के द्वारा लगभग 1600 रिक्त पदों पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटैक, बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओ को साक्षात्कार कर चयन स्थल पर ही आफर लेटर जारी किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि रिक्त पदों में– सिक्यो. रिटी गार्ड, सुरक्षा सुपरवाईजर, स्टोर इंच. ार्ज, पैकिंग इंचार्ज, टैक्नीशियन, टेलीकालर एवं अन्य शामिल हैं।उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद पर रजिस्ट्रेशन करें एवं ूूूण्दबे.हवअ.पद पर लॉगिन करें। पोर्टल पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थी ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। नियत तिथि पर सभी आवेदित अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन कार्ड (एक्स–10), समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो एवं मूल प्रति, फोटो आई0डी0, 02 फोटो एवं रिज्यूमे लेकर अवश्य आयें। किसी भी असुविधा के लिये सेवायोजन कार्यालय एवं दूरभाष नं0 9639188583, 9720508768 पर सम्पर्क किया जा सकता है।